# यूथ रेडक्रॉस सोसायटी

## सत्र् 2014–15

शैक्षणिक सत्र् 2014–15 में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विविध कार्यक्रम किया गया।

1. सर्वप्रथम 02.05.2014 को विश्व तम्बाकू दिवस पर महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 17 में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. व्ही.एम.जुर्री विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र थे। तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों पर डॉ. मनदीप खालसा प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने भी विचार व्यक्त किया।

2. दिनांक 06.08.2014 को सोरिदनगर एवं जोधापुर वार्ड में घर–घर दस्तक देकर रेडक्रॉस के सदस्यों ने 2000 क्लोरिन टेबलेट का वितरण किया और लोगों को बीमारियों से रोकथाम के उपाय एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी देकर जन–जागरूकता का कार्य किया।

3. दिनांक 01.10.2014 स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर गिरधारी साहू, गुलशन कुमार, मिथलेश, बी.एस.सी. भाग–एक, कोमेश्वर बी.एस.सी.भाग–दो एवं कुमारी खिलेश्वरी बी.ए.भाग–तीन ने जिला चिकित्सालय में जाकर रक्तदान किया।

4. दिनांक 15.10.2014 को विश्व हाथ धुलाई दिवस पर हाथ धुलाई के प्रकारों की जानकारी प्राप्त कर हाथ धुलाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री बालाराम साहू (अध्यक्ष जिला पंचायत जिला–धमतरी) और सदस्य श्री हुलास राम साहू भी उपस्थित थें।









# यूथ रेडक्रॉस सोसायटी

## सत्र् 2015–16

रेडक्रॉस सोसायटी एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है, जिसकी स्थापना हेन ड्यूनाट ने सन् 1863 में स्विट्जरलैंड में की थी। विश्व के सभी देश इसके सदस्य होते हैं। भारत में रेडक्रॉस की शाखा की स्थापना सन् 1916 में की गई थी। इसकी शाखाएं प्रांतों एवं जिलों में कार्य करती हैं। जिला शाखा के अंतर्गत महाविद्यालय में यूथरेडक्रॉस कार्यरत् हैं। विद्यार्थियों में सामाजिक उत्थान एवं मानवता के प्रति सेवा भावना उत्पन्न करना इस संगठन का मुख्य उद्देश्य हैं।

महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी का गठन सबसे पहले शैक्षणिक सत्र् 2002–03 में किया गया था। सभी नियमित छात्र/छात्राएँ इसके सदस्य होते हैं। विविध गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए 11 सदस्यों की एक समिति होती हैं, जिसके अध्यक्ष प्राचार्य होते हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा निर्धारित शुल्क 40 रू. प्रत्येक नियमित विद्यार्थियों से लिया जाता हैं।

शैक्षणिक सत्र् 2015–16 में दिनांक 23.09.2015 को कक्ष क्रमांक 20 में कार्य योजना तैयार करने के लिए बैठक रखी गई, जिसमें सत्र् के दौरान किए जाने वाले कार्यो के लिए प्रस्ताव पारित किए गये। दिनांक 30.07.2015 को जिला एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कक्ष क्रमांक–05 में किया गया। शिविर में स्टॉफ एवं छात्र/छात्राओं द्वारा 37 यूनिट रक्तदान किया गया। स्टॉफ से प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, श्री के.के.ध्रुव (रजिस्ट्रार), डॉ. विनोद पाठक (विभागाध्यक्ष–गणित), श्री कोमल प्रसाद यादव (सहायक प्राध्यापक विधि), श्री सी.एल.सालूंके (प्रयोगशाला तकनीशियन), श्री अश्वनी कुमार लोधी (प्रयोगशाला परिचारक), राहुल सोनी, आशीष सोलंकी (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) ने रक्तदान किया।

2. दिनांक 01.10.2015 को स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर महाविद्यालय के राजेन्द्र कुमार बी.सी.ए.भाग–एक, कु. लिलेश्वरी गजेन्द्र, कु. मुमताज सिन्हा बी.ए.भाग–तीन, राहुल देव देवांगन, हेमंत कुमार एल.एल.बी.भाग–एक, जिला चिकित्सालय में जाकर रक्तदान करके जागरूकता का परिचय दिया।

3. दिनांक 04.12.2015 को महाविद्यालय के प्राथमिक उपचार कक्ष में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 223 छात्र/छात्राओं का रक्त समूह एवं सिकलसेल परीक्षण किया गया। शिविर में 12 छात्र/छात्राओं में सिकलसेल, एनीमिया पाया गया। शिविर को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय के तकनीशियनों का योगदान रहा।

4. दिनांक 21.01.2016 को जिला रेडक्रॉस द्वारा आयोजित "मॉक ड्रील कार्यक्रम" में मोहन ध्रुव ने अपने 25 अन्य सहभागियों के साथ भखारा हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं रूद्री स्कूल में विद्यार्थियों के अतिरिक्त ग्राम कुकरेल के ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार के संबंध में जानकारी दी।

यूथ रेडक्रॉस के सदस्यों का शैक्षणिक सत्र् के दौरान महाविद्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण दिवस एवं अन्य गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहभागिता रहीं।





# <u>यूथ रेडक्रॉस सोसायटी</u>

## <u>सत्र् 2016–17</u>

शैक्षणिक सत्र् 2016–17 में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों की बैठक दिनांक 30.08.2016 को कक्ष क्रमांक 24 में रखी गई। बैठक में सत्र् के दौरान किये जाने वाले कार्यो पर चर्चा हुई। सत्र् के दौरान निम्न गतिविधियां यूथ रेडक्रॉस द्वारा किया गयाः–

1 दिनांक 04.10.2016 को डॉ. पूनम साहू फिजियोथेरेपिस्ट संतोष हॉस्पिटल एवं न्यूट्रीशन सेन्टर के संचालक द्वारा पोषण एवं आहार पर व्याख्यान दिया गया।

2 दिनांक 18.11.2016 से 23.11.2016 तक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा द्वारा आयोजित एम.एम.आर. एवं Mock Drill प्रशिक्षण में वत्सल कुमार एवं खिलेन्द्र कुमार बी.ए. भाग–एक भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया जो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कक्ष धमतरी में सम्पन्न हुआ।

3 दिनांक 04.12.2016 को महाविद्यालय के प्राथमिक उपचार कक्ष में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 202 छात्र–छात्राओं का रक्त समूह एवं सिकलसेल परीक्षण किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय के पैथालॉजी विभाग के तकनीशियनों का सहयोग रहा।

4 भारतीय रेडक्रॉस द्वारा दिनांक 27.01.2017 से 31.01.2017 तक जतनी, खोरधा (उड़ीसा) में अंतर्राज्यीय यूथ रेडक्रॉस सोसायटी अध्ययन एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया, जिसमें महाविद्यालय के पांच छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और मैडल एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। शिविर में विभिन्न राज्यों के वॉलेंटियर्स सम्मिलित हुये थें। जहाँ विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें मोहन ध्रुव ने वाद–विवाद में प्रथम, निबंध लेखन में द्वितीय पेंटिंग में तृतीय स्थान और सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी नृत्य में योगिता, सीमा और ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त कर चार मैडल एवं प्रमाण–पत्र प्राप्त किये।

5 भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे, डॉ. मनदीप खालसा–प्राध्यापक अर्थशास्त्र, डॉ. प्रभा वेरूलकर–प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, डॉ. हेमवती ठाकुर–सहायक प्राध्यापक इतिहास, श्रीमती पुष्पा वर्गीस–सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, डॉ.अमर सिंह साहू–सहायक प्राध्यापक भूगोल, प्रो. पी.सी.चौधरी–सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, प्रो. एन.एस.देहारी–सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान एवं श्री पी.बी.पराड़कर द्वारा आजीवन सदस्यता ग्रहण की गई। श्रीमती रीता लकड़ा–सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान आजीवन सहभागी एवं डॉ. विनोद कुमार

पाठक–सहायक प्राध्यापक गणित एवं श्रीमती ग्रेस कुजूर–सहायक प्राध्यापक भूगोल ने वार्षिक सदस्यता ग्रहण की।

महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य महाविद्यालय में आयोजित विविध गतिविधियों में अपनी सहभागिता प्रदान करते हैं।









# यूथ रेडक्रॉस सोसायटी

## सत्र् 2017–18

1. शैक्षणिक सत्र् 2017–18 में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विविध कार्यक्रम किये गये। सर्वप्रथम दिनांक 10.08.2017 को यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा महाविद्यालय के समस्त संकाय के नियमित छात्र–छात्राओं को कृमि दिवस पर कृमि मुक्ति दवाई (एलवेड़ाजोल) का सेवन कराया गया जिसमें 300 छात्र–छात्राओं ने एलवेंड़ाजोल दवाई का सेवन किया।
2. 13.10.2018 को महाविद्यालय के प्राथमिक उपचार कक्ष में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा महाविद्यालय के समस्त संकाय के नियमित छात्र–छात्राओं का रक्त समूह एवं सिंगल सेल परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 236 छात्र–छात्राओं ने रक्त परीक्षण का लाभ उठाया। "छात्र–छात्राओं के रक्त में सिकल सेल धनात्मक पाया गया।
3. दिनांक 21.11.2017 को यूथ रेडक्रॉस सोसायटी और अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में पटाखों से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के दुष्परिणाम पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया डॉ. ए.के.सिंग तथा डॉ. तामेश्वरी साहू एवं डॉ. वेदवती देवांगन व्याख्यान प्रस्तुत किये।
4. 01.12.2017 को यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पर प्रो. पुष्पा वर्गीस, डॉ. अनिता राजपुरिया, प्रो. पी.सी.चौधरी ने एच.आई. व्ही. एड्स एवं जागरूकता लाने के लिए जानकारी प्रेषित किया।
5. दिनांक 03.03.2018 को रूद्रेश्वर मंदिर परिसर में लगाई गए पौधों पर पानी सिंचन का कार्य सम्पन्न किया गया जिसमें महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के 12 वालेंटियर्स की सहभागिता रही।
6. हरदिहा साहू समाज, धमतरी द्वारा संचालित सामूहिक विवाह समारोह में महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के 7 वालेंटियर्स ने सहभागिता प्रदान करते हुए सेवा कार्य का परिचय दिया।
7. विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर दिनांक 08.05.2018 यूथ रेडक्रॉस सोसायटी जिला–धमतरी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय के 08 वालेंटियर्स ने उत्साह के साथ भाग लिया।






रक्त परीक्षण शिविर
दिनांक 13-10-2017


यूथ रेडक्रॉस सोसायटी








World AIDS Day observed at BCS Govt PG College




2018-3-3 10:05


2018-3

# यूथ रेडक्रॉस सोसायटी

## सत्र् 2018–19

शैक्षणिक सत्र् 2018–19 में महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विविध कार्यक्रम किये गये जो निम्नानुसार हैः–

1. खेल एवं यूवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन धमतरी के निर्देशानुसार दिनांक 14.'08.2018 को महाविद्यालय के यूथ–रेडक्रॉस सोसायटी के वालेंटियर्स मतदाता जागरूकता रैली एवं 15 अगस्त के पूर्व स्वतंत्रता दौड़ में सहभागिता प्रदान कर मतदाता जागरूकता के द्वारा अपने परिवार तथा आस–पास लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली गई।
2. केरल बाढ़ आपदा राहत हेतु प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के रेडक्रॉस इकाई के वालेंटियर्स महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं एवं कर्मचारी तथा प्राध्यापकों से राशि एकत्रित कर 11111.00 ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रू. की नगद राशि जिला प्रशासन को प्रदान की गई।
3. राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के प्रथम चरण के अवसर पर दिनांक 14.09.2018 को मॉप–अप दिवस पर महाविद्यालय के 334 छात्र–छात्राओं को कृमि नाशक दवाई एलवेंड़ाजोल खिलाया गया।
4. दिनांक 26.10.2018 को जिला निर्वाचन अधिकारी जिला–धमतरी द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता मशाल रैली में महाविद्यालय के 06 वालेंटियर्स की सहभागिता रही।
5. भारतीय रेडक्रॉस द्वारा दिनांक 26.12.2018 से 30.12.2018 तक जिला भुवनेश्वर (उड़ीसा) में अंतर्राज्यीय यूथ रेडक्रॉस सोसायटी अध्ययन एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के 06 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और मैडल एवं प्रमाण–पत्र प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।
6. दिनांक 25.01.2019 को महाविद्यालय के प्राथमिक उपचार कक्ष में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 181 छात्र–छात्राओं का रक्त समूह एवं सिकलसेल परीक्षण किया गया। जिसमें लक्ष्य पैथालॉजी, जिला–धमतरी का सहयोग रहा।



# पीजी कालेज में स्वतंत्रता दौड़ आयोजित

धमतरी। बीसीएस शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय,धमतरी के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन धमतरी द्वारा आयाजित मतदाता जागरूकता रैली एवं 15 अगस्त के पूर्व स्वतंत्रता दौड़ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे के मार्गदर्शन में सहभागिता प्रदान की गई। जो मकई चौक से सदर बाजार, रामबाग से राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए मकई चौक में समाप्त हुई जिसमें महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस के वालेंटियर्स ने बडे.उत्साह के साथ भाग लिया। रैली एवं स्वतंत्रता दौड़ में भाग लेने वाले वालेंटियर्स धामिन ध्रुव, उपासना, प्रदीप कुमार, डेमिन, पदमावती कंवर, देवेन्द्र साहू, डोमन, गौरव, चुन्नूलाल , यशकुमार, भुनेश्वरी, भीमा एवं खिलेश्वर ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के प्रभारी डॉ. वेदवती देवांगन एवं एनएसएस प्रभारी प्रो.पंकज जैन उपस्थित थे।

15/08/2018, हरिभूमि







धमतरी

06/09/2018

## रेडक्रॉस इकाई के वालेंटियर्स ने बाढ़ आपदा में दी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

केरल बाढ़ आपदा राहत हेतु बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी की रेडक्रॉस इकाई के

ध्रुव , सत्येन्द्र साहू , वंदना कटेन्द्र , लुकेन्द्र कुमार ने भाग लिया ।







दिसम्बर 2018 हरिभूमि

# ट्रेनिंग कैंप में रेडक्रास टीम उड़ीसा रवाना




योगेश साहू, देवेंद्र कुमार, गोविंद नेताम को कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रास डॉ. सीआर प्रसन्ना ने हरी झण्डी दिखाकर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए रवाना किया। इस अवसर पर चेतन हिन्दुजा, नगर पालिका निगम स्वास्थ्य सभापति श्री बंजारे, सत्यप्रकाश प्रधान, लोकेश बाघमार, खेलन जांगड़े, खोमन साहू, होमेश्वर चंद्राकर, किरण साहू, संजु साहू उपस्थित रहे।




यूथ रेडक्रॉस सोसायटी
बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

# यूथ रेडक्रॉस सोसायटी

## सत्र् 2019–20

शैक्षणिक सत्र् 2019–20 में महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विविध कार्यक्रम किये गये जो निम्नानुसार हैं।

1. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की प्रथम–चरण के अवसर पर दिनांक 08.08.2019 को महाविद्यालय के 326 छात्र–छात्राओं को कृमिनाशक दवाई एलबेंड़ाजोल खिलाया गया। कृमिनाशक दवाई एलबेंडाजोल सेवन कर महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का परिचय दिया।
2. दिनांक 30.09.2019 को पोषण एवं आहार पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुजगहन से आये मितानिनों द्वारा कुपोषण निवारण में पोषण अभियान एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये कुपोषण पर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।
3. दिनांक 02.10.2019 को महाविद्यालय में तम्बाकू मुक्त कराने हेतु शपथ स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओं ने शपथ ली।
4. दिनांक 22.11.2019 को महाविद्यालय के प्राथमिक उपचार कक्ष में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 327 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया उक्त शिविर जिला चिकित्सालय, धमतरी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।
5. विश्व एड्स दिवस के अवसर पर दिनांक 01.12.2019 को रेडक्रॉस सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. पंकज जैन, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, प्रो. कोमल प्रसाद, एवं डॉ. वेदवती देवांगन ने एच.आई.व्ही.एड्स की इतिहास पर प्रकाश डालते हुये एड्स के लक्षण, कारण तथा इसके बचाव के नया उपाय है पर विस्तृत प्रकाश डाला।





यूथ रेडक्रॉस सोसायटी
बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर


महाविद्यालय


प्राथमिक उपचार कक्ष
यूथ रेडक्रॉस सोसायटी


प्राथमिक उपचार कक्ष
परामर्श केन्द्र


राष्ट्रीय कृमि
दिनांक 24 . 02 . 2020
सूचना का अधिकार